## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 13.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1100बजे

**नडडा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज शिमला के मजठाई में भाजपा के नए प्रदेश कार्यालय की आधारशिला रखी व भूमिपूजन किया। जे.पी. नडडा शिमला के पीटरहॉफ में बिहार में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद उनके पहले हिमाचल दौरे पर आयोजित अभिनंदन समारोह में भाग लेंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगें। **विस्तृत ब्योरे के साथ हमारे विशेष सम्वाद्‌दाता-------**

इस बीच जगत प्रकाश नडडा का कल शाम शिमला पहुंचने पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन सहित अन्य पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। बाद में केन्द्रीय मंत्री ने शिमला में भाजपा विधायक दल की एक अहम बैठक में भाग लिया। बैठक में प्रदेश की वर्तमान स्थिति, आगामी कार्यक्रमों की रणनीतियों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में आपदा के समय भाजपा द्वारा किए गए धरातलीय कार्य मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में पार्टी की योजनाओं पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई ।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज शिमला में समग्र शिक्षा अभियान की कई महत्वपूर्ण पहलों का शुभारम्भ करेंगे। इसके अलावा वे नवनिर्मित विद्या समीक्षा केंद्र का उदघाटन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री स्कूली बच्चों के साथ संवाद भी करेंगे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी मौजूद रहेंगे।

**संसद हमले की बरसी**

पूरा देश आज संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सुरक्षाकर्मियों और बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। वर्ष 2001 में आज ही के दिन संसद पर आतंकी हमला हुआ था। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री और संसद सदस्य आज संसद भवन परिसर में बलिदानी सुरक्षाकर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

**बैठक**

चंबा जिले में एनएचपीसी की चमेरा चरण-3 विद्युत परियोजना के अंतर्गत प्रभावित परिवारों के राहत व पुनर्वास संबंधी मामलों की एक समीक्षा बैठक मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में कल देर शाम आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने परियोजना प्रभावितों को रोजगार उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया

को तेज करने, रिक्त पदों को भरने से पूर्व उनका विस्तृत विवरण व पदों के मापदंडों की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध करवाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने भूस्खलन प्रभावित मुचका गांव के प्रभावित परिवारों के लिए वैकल्पिक पुनर्वास स्थल चिन्हित करने को कहा ताकि उन्हें सुरक्षित आवास उपलब्ध हो सके।

**धर्मशाला मैच**

भारत–दक्षिण अफ्रीका जी–20 सीरीज का तीसरा मैच कल 14 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में खेला जाएगा। पांच मैचों की श्रंखला में भारत और दक्षिण अफ्रीका एक–एक से बराबर है, ऐसे में धर्मशाला में होने वाले तीसरे मैच में दोनों टीमें बढ़त बनाना चाहेंगी। इससे पहले भारत और दक्षिण अफ्रीका की दोनों टीमें कल धर्मशाला पहुंची। आज दोनों टीमें दोपहर व शाम के सत्र में क्रमवार अभ्यास करेंगी। प्रशासन की ओर से स्टेडियम में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

**मौसम**

प्रदेश में शुष्क मौसम का दौर लगतार जारी है। प्रदेश में दिसम्बर माह के पहले पखवाडे में बारिश व बर्फवारी न होने की वजह से सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है जिससे किसानों व बागवानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। कुल्लू जिला में शुष्क ठंड के चलते लोग वायरल फीवर व खांसी की चपेट आ रहे हैं। अधिक जानकारी के साथ हमारे कुल्लू ज़िला सम्वाद्दाता.......

इधर राजधानी शिमला, किन्नौर, कुल्लू, चंबा सहित अन्य क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज शाम से पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है इसके चलते लाहौल–स्पिति, किन्नौर, कांगड़ा, चंबा और कल्लू के ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में कल बारिश और बर्फबारी हो सकती है, अन्य स्थानों पर मौसम साफ बना रहेगा।

नमस्कार।